## भारतीय कौशल संस्थान (IIS)

हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय कौशल संस्थान (IIS) मुंबई का उद्घाटन किया गया।

### मुख्य बिंदु-

- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य **उद्योग 4.0 के लिए उद्योग-तैयार कार्यबल तैयार करना** है, जो फैक्ट्री ऑटोमेशन, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग, मेक्ट्रोनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग सहित कई ट्रेडों में अत्याधुनिक तकनीक और व्यावहारिक प्रशिक्षण से लैस है।
- **भागीदारी:** सार्वजनिक-निजी भागीदारी **(पीपीपी) मॉडल** के माध्यम से स्थापित, यह संस्थान कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार और टाटा आईआईएस (टाटा ट्रस्ट के तहत एक सेक्शन 8 कंपनी) के बीच एक सहयोग है।
- **विशेष पाठ्यक्रम:** यह संस्थान शुरू में **छह विशेष पाठ्यक्रम शुरू करेगा:** उन्नत औद्योगिक स्वचालन और रोबोटिक्स, औद्योगिक स्वचालन बुनियादी बातें, उन्नत एआरसी वेल्डिंग तकनीक, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी विशेषज्ञ और 2 और 3 व्हीलर ईवी तकनीशियन।
- **प्रयोगशालाएँ :** संस्थान में शुरू में 15 से अधिक वैश्विक और **भारतीय मूल उपकरण निर्माताओं (OEM) के साथ साझेदारी** में विकसित उन्नत प्रयोगशालाएँ होंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि छात्रों को वास्तविक उद्योग उपकरणों का उपयोग करके सस्ती कीमत पर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो।
  - एक बार प्रशिक्षण पूरा हो जाने पर छात्र, **ईवी निर्माताओं, एआई और रोबोटिक्स** जैसे नए युग के उद्योगों में काम करने के लिए तैयार हो जाएंगे।
- संस्थान अभ्यर्थियों के शिक्षण अनुभव को बढ़ाने के लिए निकट भविष्य में **छात्रावास** की सुविधा भी उपलब्ध कराएगा।

## आसियान, 44वां और 45वां शिखर सम्मेलन




दक्षिण पूर्वी एसियाई देशों के संगठन (आसियान) का **44वां और 45वां शिखर सम्मेलन** और इनसे संबंधित अन्य बैठकें **लाओस की राजधानी विएंतियाने** में 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित हुई।

### मुख्य बिंदु-

- लाओस की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्ष के आसियान सम्मेलन का विषय है- **"आसियान: कनेक्टिविटी और लचीलापन बढ़ाना।**
- इसका लक्ष्य आसियान समुदाय को अधिक संगठित और गतिशील बनाना है।
- आसियान सम्मेलन के साथ ही **27वां आसियान-चीन सम्मेलन और भारत-आसियान तथा पूर्वी एशिया सम्मेलन** जैसे अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

**आसियान के बारे में -**

- दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन या आसियान दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का समूह है, जो आपस में आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम करने के लिए भी कार्य करता हैं।
- **मुख्यालय:** जकार्ता, इंडोनेशिया।
- **स्थापना:** 8 अगस्त 1967, बैंकॉक, थाईलैंड (बैंकॉक घोषणापत्र)

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

❖ **सदस्य देश:** ब्रुनेई दारुस्सलाम, बर्मा, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम।

## फोर्टिफाइड चावल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं आदि सहित सरकार की सभी योजनाओं के तहत **पोषण युक्त (फोर्टिफाइड) चावल की सार्वभौमिक आपूर्ति** को इसके वर्तमान स्वरूप में **जुलाई 2024 से दिसंबर 2028** तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

**समाचार पर अधिक जानकारी-**

❖ **वित्त पोषण:** चावल को पोषण युक्त करने की पहल पीएमजीकेएवाई (खाद्य सब्सिडी) के हिस्से के रूप में **भारत सरकार द्वारा 100 प्रतिशत वित्त पोषण** के साथ केंद्रीय क्षेत्र की एक पहल के रूप में जारी रहेगी।

❖ **पृष्ठभूमि:** अप्रैल 2022 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मार्च 2024 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में पोषण युक्त चावल को उपलब्ध कराने की पहल को लागू करने का निर्णय लिया था।
  - ➢ अब तक सभी तीन चरण सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं और सरकार की सभी योजनाओं में पोषण युक्त चावल की आपूर्ति के लिए सार्वभौमिक कवरेज का लक्ष्य मार्च 2024 तक हासिल कर लिया गया है।

❖ **भारत में एनीमिया:** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के 2019 और 2021 के बीच किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, **भारत में एनीमिया अभी भी एक व्यापक स्वास्थ्य समस्या** बनी हुई है, जो विभिन्न आयु समूहों और आय स्तरों के बच्चों**, महिलाओं तथा पुरुषों को प्रभावित** करती है।
  - ➢ आयरन की कमी के अलावा, विटामिन बी12 और फोलिक एसिड जैसे अन्य विटामिन और खनिज की कमी देश की आबादी के समग्र स्वास्थ्य और उत्पादकता को प्रभावित करती है।

❖ **महत्त्व:** भारतीय संदर्भ में सूक्ष्म पोषक तत्वों की आपूर्ति के लिए चावल एक आदर्श साधन है क्योंकि देश की **65 प्रतिशत आबादी चावल का उपयोग** मुख्य भोजन के रूप में करती है।

❖ **चावल फोर्टिफिकेशन:** चावल फोर्टिफिकेशन में एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार नियमित चावल (कस्टम मिल्ड राइस) में सूक्ष्म पोषक तत्वों (आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 12) से भरपूर पोषण युक्त हिस्से (राइस कर्नेल) को शामिल किया जाता है।

## पुरस्कार

**साहित्य में नोबेल पुरस्कार 2024**




❖ वर्ष 2024 का साहित्य का नोबेल पुरस्कार **दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग** को दिया गया है।

❖ यह पुरस्कार **"उनके गहन काव्यात्मक गद्य** के लिए दिया गया, जो ऐतिहासिक आघातों का सामना करता है और मानव जीवन की नाजुकता को उजागर करता है।"

❖ हान कांग ने 1993 में **'लिटरेचर एंड सोसाइटी'** पत्रिका में कई कविताओं के प्रकाशन के साथ अपने करियर की शुरुआत की थीं।

❖ वे इस सम्मान को पाने वाली **पहली कोरियाई लेखक हैं।**

## चर्चित व्यक्तित्व - निधन

**डॉ. पी. वेणुगोपाल**



एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. पी. वेणुगोपाल का हाल ही में निधन हो गया।

वे 82 वर्ष के थे।

वह हृदय शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी थे, जिन्होंने **भारत में पहला हृदय प्रत्यारोपण किया** और अपने करियर में 50,000 से अधिक हृदय शल्य चिकित्साएँ कीं।

वे आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी से थे।

## चर्चित व्यक्तित्व - खेल

**राफेल नडाल**



स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने पेशेवर टेनिस से **संन्यास** लेने की घोषणा की है।

38 वर्षीय नडाल नवंबर में मैलागा में डेविस कप फाइनल में स्पेन के लिए अपना अंतिम मैच खेलेंगे।

इन्होने अपने करियर में **22 ग्रैंड स्लैम** खिताब जीते हैं।

## महत्वपूर्ण दिन/तारीख

**12 अक्टूबर**

**विश्व प्रवासी पक्षी दिवस**




- **12 अक्टूबर** को विश्व प्रवासी पक्षी दिवस मनाया जाता है।
- वर्ष 2024 में विश्व प्रवासी पक्षी दिवस अभियान प्रवासी पक्षियों के लिए कीटों के महत्व पर केंद्रित है तथा कीटों की घटती आबादी से संबंधित चिंताओं को उजागर करेगा।
- **इस वर्ष का विषय:** "कीटों की रक्षा करें, पक्षियों की रक्षा करें", यह  कई प्रवासी पक्षियों के जीवन चक्र में कीटों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है और कीट आबादी में खतरनाक वैश्विक गिरावट की ओर ध्यान आकर्षित करता है।

## खेल

**'लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट'**

- कश्मीर घाटी में 'लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट' (Legends League Cricket) शुरू हुआ है।
- यह टूर्नामेंट 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक बख्शी स्टेडियम में खेला जाएगा।
- **नोट:** श्रीनगर ने अब तक केवल दो अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी की है। पहला 1983  में (भारत और वेस्टइंडीज) और दूसरा 1986 में (भारत और ऑस्ट्रेलिया) हुआ था।

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

**सिक्किम**

- वर्ष 2024 के लिए **सेना कमांडरों के दूसरे सम्मेलन का पहला चरण** 10 से 11 अक्टूबर तक सिक्किम के गंगटोक में आयोजित किया गया।
- दो दिवसीय सम्मेलन वरिष्ठ कमांडरों के लिए वर्तमान परिचालन तैयारियों की समीक्षा करने, प्रमुख रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने तथा भविष्य की दिशा तय करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।
- सेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा चरण दिल्ली में 28 और 29 अक्टूबर को होगा।

**राजस्थान, पंजाब**

- हाल ही में 'प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में **4,406 करोड़ रुपये** की लागत से 2,280 किलोमीटर सड़क निर्माण को मंजूरी दी है, जिसमें **सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास** पर जोर दिया गया है।
- इसके द्वारा सड़क और दूरसंचार संपर्क तथा जलापूर्ति, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, साथ ही **ग्रामीण आजीविका में वृद्धि होगी, यात्रा आसान** होगी और इन क्षेत्रों की राजमार्ग नेटवर्क के साथ कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

## विविध

- हाल ही में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने **10 नए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज** स्थापित करने और ईएसआई निगम के सदस्यों के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना को जून 2026 तक बढ़ाने की घोषणा की है।
- भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी **मुर्मू 13 से 19 अक्टूबर** तक तीन अफ्रीकी देशों; **अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी** की यात्रा पर रहेंगी। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा होगी।
- जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने सौरमंडल के किनारे प्लूटो के चंद्रमा **चारोन** पर कार्बन डाइऑक्साइड की खोज की है। प्लूटो का चंद्रमा चारोन हमारे सौरमंडल में किसी भी बौने ग्रह की परिक्रमा करने वाला सबसे बड़ा चंद्रमा है।

❍❍❍❍

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH